# सरकार के तीन साल की उपलब्धियों पर विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

11 जनवरी, 2022 को राजस्थान के सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री एवं करौली ज़िला प्रभारी अशोक चांदना ने करौली के सूचना केंद्र के बाहर प्रदेश सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'आपका विश्वास हमारा प्रयास'विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जन-जन के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है, जिसके तहत विगत तीन वर्षों में फ्लैगशिप योजनाओं एवं आधारभूत विकास के कार्यक्रमों के माध्यम से वंचित व पात्र वर्गों को लोक कल्याण की योजनाओं का समुचित लाभ प्रदान किया गया है।
- इस प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा ज़िले में विभिन्न क्षेत्रों में किये गए विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है।
- ज़िला प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात् ज़िले में विगत् तीन वर्षों में विभिन्न विभागों द्वारा फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों पर आधारित ज़िला दर्शन पुस्तिका का विमोचन भी किया।
- पुस्तिका मे करौली ज़िले के विकास कार्यों को भलीभाँति दर्शाया गया है। पुस्तिका में करौली ज़िले की सांस्कृतिक विरासत, भौगोलिक स्थिति, सफलता की कहानियों के साथ-साथ फ्लैगशिप योजनाओं से लाभान्वित किये गए व्यक्तियों के बारे में जानकारी भी प्राप्त होगी।
- इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने वन विभाग के द्वारा तैयार किये गए एन्वायरमेन्ट प्लान का भी विधिवत विमोचन किया।
- कार्यक्रम के दौरान ज़िले में विभिन्न विकास कार्यों, जैसे- भवन निर्माण, स्कूल, स्मार्ट क्लासेज, विद्युत, चिकित्सा, पेयजल, कृषि सहित अन्य विकास कार्यों का वर्चुअल माध्यम से प्रभारी मंत्री के द्वारा लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।
- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सरकार के समय में हुए विभागवार विकास कार्यों की प्रदर्शनी तैयार की गई है, जिसमें वर्तमान में हुए विकास कार्यों के साथ करौली ज़िले में भविष्य में होने वाले विकास कार्यों की झलक देखने को मिलेगी।
- प्रदर्शनी में चम्बल ब्रिज, चिकित्सा सेवाओं का विस्तार, कोविड प्रबंधन, देवनारायण आवासीय छात्रावास योजना, इंदिरा रसोई, आपदा में राहत, राजीव गांधी जल संचय योजना, पेयजल प्रबंधन, पंचायत राज, जल संसाधन, प्रशासन गाँवों एवं शहरों के संग अभियान शिविर सहित विभिन्न विकास कार्यों पर आधारित बोर्डों पर फ्लैग्स प्रदर्शित कर विकास कार्यों को दर्शाया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/development-exhibition-launched-on-the-achievements-of-three-years-of-the-government